DATE:-21-01-2026

हिन्दुस्तान

जीजीआईसी की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दी परीक्षा

• हिन्दुस्तान

बाराबंकी। जिले के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफदरगंज व बाराबंकी शहर में हिन्दुस्तान ओलंपियाड 2025 की परीक्षा आयोजित कराई गई। जिसमें दोनों सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस परीक्षा के लिए बच्चियों का रजिस्ट्रेशन फार्म स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (शुद्ध) के मैनेजिंग डायरेक्टर पीयूष उपाध्याय द्वारा कराया गया था। इस परीक्षा में दोनों विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छह से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्थानीय पीएमश्री जीजीआईसी और सफदरगंज पीएमश्री जीजीआईसी में सुबह 11 परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों काफी उत्साह देखा गया। परीक्षा के निर्धारित समय से पूर्व ही छात्राएं और शिक्षिकाएं पहुंच गई थीं। परीक्षा शुरू होते ही छात्राएं प्रश्नपत्रों को हल करने में जुट गईं। ओएमआर शीट पर गोले को भरी तथा सभी प्रश्नों का उत्तर लिखा।

> पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी शहर और सफदरगंज की 400 छात्राओं का हिन्दुस्तान ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। यह पहल छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर प्रदान के लिए की गई। हिन्दुस्तान ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और विषयगत ज्ञान का मूल्यांकन कराना है।
>
> **–पीयूष उपाध्याय,** चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड "शुद्ध"